Ans. (d) : एकी आंदोलन आदिवासियों द्वारा शुरू किया गया राजनीतिक आंदोलन था। इस आंदोलन का नेतृत्व मोतीलाल तेजावत ने किया था। यह आंदोलन भील जनजाति के लोगों में एकता स्थापित करने के लिए शुरू किया गया था। इसलिए इसका नाम 'एका आंदोलन' पड़ा।

614. सागरमल गोपा किस रियासत से सम्बन्धित था?

(a) जोधपुर (b) बीकानेर
(c) किशनगढ़ (d) जैसलमेर

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011

Ans. (d) : सागरमल गोपा जैसलमेर रियासत से संबंधित थे। 1932 ई. में रघुनाथ सिंह मेहता व सागरमल गोपा ने 'माहेश्वरी नवयुवक मंडल' की स्थापना की थी। सागरमल गोपा को जैसलमेर रियासत द्वारा राज्य से निर्वासित कर दिया गया था। 1940 ई. में इन्होंने 'जैसलमेर राज्य का गुंडा शासन' नामक पुस्तक प्रकाशित की थी।

615. किस वर्ष में जयपुर प्रजा मंडल की स्थापना हुई थी?

(a) 1928 (b) 1931
(c) 1934 (d) 1938

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011

Ans. (b) : 1931 ई. में कपूर चंद्र पाटनी के द्वारा जयपुर प्रजामंडल की स्थापना हुई थी। 1936-37 में जयपुर प्रजामंडल का पुनर्गठन जमनालाल बजाज के प्रयासों से संभव हुआ।

616. 1938 में गोपीलाल यादव किस प्रजा मंडल का अध्यक्ष निर्वाचित हुआ था?

(a) भरतपुर (b) अलवर
(c) धोलपुर (d) प्रतापगढ़

MOTAR VAHAN UPNIRIKSHAN 2011

Ans. (a) : 1938 ई. में भरतपुर प्रजामंडल की स्थापना की गई थी। इसके प्रथम अध्यक्ष गोपीलाल यादव बनाए गए थे। 1939 में इसका नाम बदलकर 'भरतपुर प्रजा परिषद' कर दिया गया था।

617. 19 जून 1947 को काली बाई अपने अध्यापक को मुक्त करने के दौरान पुलिस की गोलियों द्वारा भून दी गई, वह किस किले की थी?

(a) उदयपुर (b) डूंगरपुर
(c) बांसवाड़ा (d) जैसलमेर

48 LA2018_Question Paper Code-48

Ans. (b) : काली बाई डूंगरपुर जिले की रहने वाली थी। यह रास्तापाल में अपने गुरु की जान बचाने में शहीद हो गयी। यहाँ के शिक्षक नाना भाई और सेगा भाई थे। जिन्हें स्कूल बंद करने की चेतावनी दी गयी और जब स्कूल बंद नहीं किया तो नानाभाई को गोली मार दी तथा सेंगा भाई को बांधकर घसीटने लगे। इस पर कालीबाई ने रस्सी काट दी। पुलिस ने कालीबाई को गोली मार दी जिससे वह शहीद हो गयी।

618. राजस्थान में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान गिरफ्तार होने वाली राजस्थान की पहली महिला कौन थी?

(a) नगेन्द्र बाला (b) अंजना देवी चौधरी
(c) रतन शास्त्री (d) रमादेवी पाण्डे

पशुधन सहायक भर्ती परीक्षा-2018

संगणक भर्ती परीक्षा-2021 (19 दिसम्बर, 2021)

48 LA2018_Question Paper Code-48

Ans. (b) : राजस्थान में स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान गिरफ्तार होने वाली राजस्थान की पहली महिला अंजना देवी चौधरी थी। वे स्वतंत्रता सेनानी रामनारायण चौधरी की पत्नी थी। इन्होंने सामंती अत्याचारों के विरूद्ध विद्रोह का नेतृत्व किया। तथा दो बार जेल गयी और बूंदी रियासत द्वारा उन्हें निर्वासित भी किया गया था।

619. भगत आंदोलन किसके द्वारा प्रारम्भ किया गया?

(a) राजस्थान सेवा संघ (b) भोगीलाल पांड्या
(c) भूरेलाल बया (d) गुरु गोविन्द गिरी

प्रयोगशाला सहायक-2018 (03 फरवरी 2019)

48 LA2018_Question Paper Code-48

Ans. (d) : भगत आंदोलन भील जनजाति के किसानों द्वारा प्रारंभ किया गया। गोविंद गिरी ने राजस्थान के डुंगरपुर एवं बाँसवाड़ा में शोषित एवं उत्पीड़ित भील जनजाति को संगठित किया। उनमें सामाजिक जागृति एवं नवजीवन के संचार हेतु भगत आंदोलन चलाया। गोविंद गिरी ने 1883 ई. में सम्प सभा की स्थापना की।

620. गोविन्द गिरि के नेतृत्व में हुये भील आन्दोलन को किस नाम से जाना जाता है?

(a) एकी आन्दोलन (b) शुद्धि आन्दोलन
(c) भगत आन्दोलन (d) जनजाति आन्दोलन

Economic Investigator (उद्योग विभाग) -2018 (Exam Dt. 25 March 2019)

Ans. (c) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या–

621. 'भगत आन्दोलन' किस क्षेत्र में शुरू हुआ था-

(a) उदयपुर-चित्तौड़गढ़ (b) डूँगरपुर-बाँसवाड़ा
(c) सिरोही-पाली (d) बाड़मेर-सिरोही

JEN Mechanical Degree (Non TSP Area) 21.8.2016

Ans. (b) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या देखें।

622. सुर्जी भगत राजस्थान की किस जनजाति के धार्मिक-सामाजिक सुधारक नेता थे?

(a) भील (b) मीणा
(c) गुर्जर (d) गरासिया

कनिष्ठ अभियन्ता (विद्युत) भर्ती परीक्षा- 2020

Ans. (a) – उपरोक्त प्रश्न की व्याख्या–

623. सुमेलित कीजिए-

संस्था-

(a) राजस्थान सेवा संघ
(b) देश हितैषिणी सभा
(c) वीर भारत सभा
(d) सर्व हितैषिणी सभा

संस्थापक

(i) विजय सिंह पथिक, रामनारायण चौधरी, हरिभाई किंकर
(ii) केसरी सिंह बारहठ
(iii) स्वामी गोपालदास
(iv) महाराणा सज्जन सिंह